हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025

04 पुलिस ने 182 वारंटी पकड़े: सीहोर में रात्रि कॉम्बिंग ...



08 नपाध्यक्ष प्रतिनिधि और अधिकारियों ने किया ...





## खबर संक्षेप

### अग्निवीर योजना भर्ती के लिए पंजीकरण

**सीहोर।** भारतीय सेना के लिए अग्निवीर योजना के माध्यम से स्वयंसेवी उम्मीदवारों का चयन 2021 में शुरू हुआ। अग्निवीर चपन प्रणाली में एक बड़ा नीतिगत बदलाव यह है कि ऑनलाइन मोड में आयोजित होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा को पहले फिल्टर किया गया है, जबकि पुरानी प्रणाली के अनुसार पहले शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाती थी। ऐसा यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है कि चयनित अग्निवीरों के पास भारतीय सेना में शामिल की जा रही नई हथियार प्रणाली की तकनीक को आत्मसात करने के लिए पर्याप्त ज्ञान का स्तर हो। अग्निवीरभर्ती वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकरण के लिए प्रचारप्रसार किया जा रहा है।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मप्र देश में पहले स्थान पर है।

### लाड़ली बहनों के खाते में 29 करोड़ 67 लाख 42 हजार की राशि अंतरित

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले की 2,42,541 लाड़ली बहनों के खाते में 29 करोड़ 67 लाख 42 हजार 250 रूपये की राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत जिले के 1,11,158 हितग्राहियों के खाते में 06 करोड़ 66 लाख 79 हजार रूपये की राशि अंतरित की।

### लगातार बारिश से किसानों की फसल हुई खराब, कृषि विभाग ने नहीं निभाई जिम्मेदारी

# संकट में किसान: सोयाबीन में पीला मोजेक का प्रकोप, पकने से पहले सूखने लगी फसल

तहसील भैरूंदा में लगातार बारिश और तेज धूप के कारण सोयाबीन फसल में पीला मोजेक लगने से किसानों की सोयाबीन नष्ट हो चुकी है। जिसने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





तहसील में सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक वायरस और इलिया कीट का प्रकोप तेजी से फैला, फसल पीला पड़ने से पत्तियां मुरझा गईं। जिससे कई एकड़ में बोई गई सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई। इधर कृषि विभाग ने भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। किसानों के चेहरों पर चिन्ता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं, ओर उन्हें चिंता सताने लगी है आगामी फसल की बुआई कैसे होंगी। सोयाबीन जो किसानों की मुख्य नकदी फसल मानी जाती है। वह भी पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।

#### किसानों की मांग कृषि विभाग इस समस्या को गंभीरता से ले, गांव में जाकर सर्वे करे

तहसील के किसानों का कहना है कि लगातार बारिश और अति ओला वृष्टि ने उनकी सोयाबीन की फसल नष्ट पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। वहीं पीला मोजेक लगने से पीली पड़ चुकी है। पत्तियां भी झड़ चुकी हैं उनकी जड़ की सड़ चुकी है और फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है। अब चिंता सता रही है आगामी फसल की बुआई कैसे ओर कहा से होगी। किसानों ने फसल बचाने के कई जतन किए, कीटनाशक दवाइयां लेकर छिड़काव भी किए लेकिन उसका असर भी बेअसर रहा। अब किसानों की मांग है कि शासन प्रशासन एवं कृषि विभाग इस समस्या को गंभीरता से ले और हर गांव में जाकर सर्वे करे। जिससे किसानों नष्ट हुई फसल का उन्हें बीमा योजनाओं लाभ और मुआवजा राशि की मिल सके।

किसान तुलसीराम पंवार का कहना है तीन एकड़ में सोयाबीन फसल लगाई थी, जो लगातार हुई बारिश से पूरी फसल नष्ट हो चुकी है। खेत में बारिश का पानी जमा रहा है। जिससे पौधों की जड़ सड़ गई और पूरी तरह से नष्ट हो गई। अभी तक कोई अधिकारी या कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी फसल का सर्व करने नहीं पहुंचे। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग है उनकी फसल का सर्व कर उन्हें फसल का उचित मुआवजा दिया जाए ताकि आगामी फसल की बुआई कर सके।

#### यूथ कांग्रेस ने भी किसानों की फसल का सर्व करने दिया था ज्ञापन

गुरुवार को जिला यूथ कांग्रेस ने किसानों की मांगों को लेकर गोपालपुर से भैरुंदा तक स्वाभिमान तिरंगा यात्रा निकाल कर तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषिमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय पटेल किसानों की 10मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें सोयाबीन की मुझे मगर को लेकर ज्ञापन में कहा तहसील भैरुंदा के लाड़कुई क्षेत्र किसानों की फसल में पीला मोजेक लगने से और अधिक वर्षा होने से सोयाबीन की फ़सल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। प्रशासन एवं कृषि विभाग और अधिकारियों से किसानों के खेतों जाकर सर्वे कराया जाए और उन्हें बीमा योजना सहित मुआवजा राशि दी जाए। वहीं निकली खाद बीज को कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई की जाए। किसान देश की शान है। वहीं परेशान हैं।

## जांच में दोषी पाए गए तो निलंबित होंगे जिला पंजीयक: सांसद शर्मा

### जिला पंजीयक दफ्तर में गड़बड़ी पर सांसद की दो टूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंजीयन कार्यालय में जिला पंजीयक के ड्राइवर द्वारा सरकारी कामकाज संभालने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में अब सांसद आलोक शर्मा ने प्रतिक्रिया दी है। जिला मुख्यालय पहुंचे सांसद ने मीडिया से बात करते हुए साफ कहा कि यदि जांच में जिला पंजीयक प्रेमनंदन सिंह दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करवाई जाएगी।

गौरतलब है कि बीते दो दिन पहले जिला मुख्यालय पर एक चौकाने वाला मामला सामने आया था। मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट दफ्तर में स्थित जिला पंजीयन कार्यालय में जिला पंजीयक प्रेम नंदन सिंह का ड्राइवर रवि, जिला पंजीयक की कुर्सी पर बैठकर सरकारी काम कर रहा था। आरोप लगा था कि जिला पंजीयक की आईडी और ओटीपी का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। घटना का फोटो वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।

**सांसद ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश**

सांसद आलोक शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सरकारी अधिकारियों को अपना काम खुद करना चाहिए और यह स्वीकार्य नहीं है कि कोई निजी व्यक्ति या रिश्तेदार सरकारी कामकाज संभाले। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर बालागुरु के. से बात करने और जांच में दोषी पाए जाने पर जिला पंजीयक पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

**दलाली और मनमानी का आरोप :** सर्विस प्रोवाइडरों ने ड्राइवर रवि पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना है कि रवि उनसे काम के बदले दलाली मांगता था। जिन लोगों ने उसकी बात नहीं मानी, उनके 25 से ज्यादा लाइसेंस रद्द कर दिए गए। सर्विस प्रोवाइडरों ने आरोप लगाया था कि यह सब कुछ जिला पंजीयक के संरक्षण में चल रहा था। उनका कहना है कि जो दलाली नहीं देता, उसकी फाइल रोक दी जाती है।

## पत्थरों पर बैठे मरीजों की तकलीफ देखकर दुखी हुए विधायक

### अस्पताल में मरीजों के लिए सर्वसुविधा युक्त बनाएंगे वैटिंगरूम



**सीहोर।** इलाज के लिए बाहर बैठकर प्रतिक्षा कर रहे मरीजों की तकलीफों को देखकर विधायक सुदेश राय काफी दुखी हो गए। तत्काल विधायक सुदेश राय ने अपने अधिनस्तों को मरीजों के लिए अस्पताल परिसर में सर्वसुविधा युक्त वैटिंग रूप निर्माण कराने के लिए स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। विधायक राय के इस तरह अचानक अस्पताल पहुंचने से डॉक्टर नर्स सहित अन्य कर्मचारी सकते में आ गए।

शुक्रवार को अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करने विधायक सुदेश राय अचानक अस्पताल पहुंच गए। उन्होने मेडिकल कार्य के लिए उपयोगी निर्माणाधीन बिल्डिंग को देखा और संबंधित इंजीनियर एवं अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिस के बाद डॉक्टर भी अपने केबिनों से निकलकर नीचे आ गए विधायक राय के अस्पताल पहुंचने की जानकारी लगते ही कुछ भाजपा कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए। उन्होने डॉक्टरों को मरीजों के ईलाज को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। विधायक राय घूमते हुए अस्पताल के बाहर ओपीडी के बाहर लाईन में लगे और सीडिय़ों और पत्थरों की कुर्सियों सहित अस्पताल में जहां तहां बैठकर विभिन्न कारणों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे मरीजों से विधायक राय ने चर्चा की उनका हालचाल जाना इस दौरान कुछ मरीजों ने विधायक राय को अस्पताल के बाहर छाया नहीं होने, बैठने की सही जगह नहीं होने जैसी परेशानियां बताई।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का 17 को होगा शुभारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीएम डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर जिले के सभी संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को अभियान के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## लोक अदालत 13 सितंबर को : टैक्स जमा करने पर मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

**सीहोर।** नगरपालिका ने बकाया कर वसूली के लिए अनोखी पहल की है। नगर में करोड़ों रुपए के संपत्ति कर और जलकर बकायादारों को राहत देने के लिए 13 सितंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नगरपालिका के आंकड़ों के अनुसार, संपत्ति कर बकाया 7 करोड़ 50 लाख और चालू 4 करोड़ 30 लाख रुपए है। जलकर में बकाया 3 करोड़ 95 लाख और चालू 1 करोड़ 95 लाख रुपए है। कुल मिलाकर नगरपालिका का 17 करोड़ 70 लाख रुपए बकाया है।

**50 हजार तक के संपत्ति कर बकाया पर 100 परसेंट छूट :** लोक अदालत में संपत्ति कर और जलकर के अधिभार में विशेष छूट दी जाएगी। 50 हजार रुपए तक के संपत्ति कर बकाया पर 100 परसेंट छूट मिलेगी। 50 हजार से 1 लाख तक के बकाया पर 50 परसेंट और 1 लाख से ज्यादा बकाया पर 25 परसेंट की छूट होगी।

**नल कनेक्शन काटने की चेतावनी :** जलकर में 10 हजार रुपए तक के बकाया पर 100 परसेंट 10 हजार से 50 हजार तक पर 75 परसेंट और 50 हजार से ज्यादा बकाया पर 50 परसेंट छूट दी जाएगी। सीएमओ सुधीर सिंह ने चेतावनी दी है कि जलकर नहीं जमा करने पर नल कनेक्शन काटा जाएगा। संपत्ति कर न जमा करने पर शासकीय कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका कर्मचारी ढोल-धमाकों के साथ नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों और वार्डों में घूमकर लोक अदालत की जानकारी दे रहे हैं।

## नर्मदा नदी के बाबरी घाट पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### नर्मदा नदी पर माफिया की दबंगई, प्रशासन ने कसा शिकंजा





**सीहोर।** नर्मदा नदी के बाबरी घाट पर रेत माफिया खुलेआम प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए अवैध खनन कर रहे थे। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सात ट्रैक्टर-ट्राली जब्त कर लीं। इस कार्रवाई से माफिया बौखला गए और टीम से सवाल दाग दिया– बार-बार इसी घाट पर क्यों आते हो? उनकी दबंगई का वीडियो भी सामने आया है।

जिला प्रशासन ने मानसून सीजन में नर्मदा नदी से रेत खनन पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। वजह साफ है– बढ़ा हुआ जलस्तर और पर्यावरणीय खतरा। लेकिन माफिया इस आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। बाबरी घाट पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर रेत निकाली जा रही थी। खनिज विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार शुक्रवार को यह बड़ी कार्रवाई की गई।

**पुलिस ने दिखाया सख्त रवैया :** जब टीम ने ट्रैक्टर-ट्राली जब्त करना शुरू किया तो माफिया ने विरोध जताया और कर्मचारियों से उल्टे सवाल पूछे। मामला इतना बढ़ा कि पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी। पुलिस ने साफ कहा– “क्या हम तुम्हारे हिसाब से कार्रवाई करेंगे?” इसके बाद सातों ट्रैक्टर-ट्राली थाने पहुंचाई गईं। खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि यह पहली कार्रवाई नहीं है, इससे पहले भी सात पनडुब्बियां जब्त की जा चुकी हैं।

**माफिया और प्रशासन आमने-सामने:** यह घटना स्पष्ट करती है कि रेत माफिया प्रशासन की रोक को धत्ता बता रहे हैं। लेकिन प्रशासन ने भी संदेश दे दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। विशेषज्ञों ने चेताया है कि मानसून के दौरान रेत खनन न सिर्फ अवैध है बल्कि नदी के बहाव और पर्यावरण के लिए खतरनाक है। इसके बावजूद लालच में माफिया लगातार नियम तोड़ रहे हैं।

### नगर पालिका के साधारण सम्मेलन में अनेक कार्य की स्वीकृति

# शहर में नपा कराएगी महिला मार्केट का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यूं तो शहर में महिलाओं की खरीदारी के लिए कई मार्केट हैं पर नगर पालिका ने पहली बार नियोजित तरीके से पहली महिला मार्केट स्वरूप शहर के नदी चौराहे के पास में बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए शुक्रवार को नगर पालिका के साधारण सम्मेलन का आयोजन सभाकक्ष में किया गया। इस मौके पर शहर के सभी पार्षदों के अलावा नगर पालिका के सीएमओ सुधीर सिंह आदि की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर महिला सशक्तिकरण के लिए नदी चौराहे के पास महिला मार्केट निर्माण कार्य हेतु 50 लाख के कार्य के विषय में चर्चा की गई।

शुक्रवार को आयोजित नगर पालिका परिषद की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसमें पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी आवासीय कालोनी वार्ड क्रमांक 21 में स्थित भू-खंड भवन में आरोपी के अवैध निर्माण को तोडने व लीज शर्तों के उल्लघन के कारण लीज डीड निरस्त करने के संबंध में विचार किया गया। इसके अलावा शहर के करोड़ों के विकास कार्य के बारे में विचार-विर्मश किया गया है।

इसमें वार्ड क्रमों 32 में स्वामी नारायण मंदिर के मुख्य मार्ग एवं आंतरिक गलियों में डामरीकरण कार्य, लुनिया चौराहे से एक्सीलेंस स्कूल कस्बा सीहोर तक पोल शिफ्टिंग 11 केवी लाइन के विषय में, वार्ड क्रमांक 01 बढियाखेड़ी में श्री खेड़ापति हनुमार मंदिर के पास से पाटी तक सीसी सड़क-नाी निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक आठ में सांई मंदिर मेन रोड से राशि किराना होते हुए ताम्रकार वकील तक नाली निर्माण कार्य आदि के संबंध में स्वीकृति पर चर्चा की गई।

**विकास के साथ शहर की स्वच्छता का ध्यान**





आगामी 17 सितंबर से सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए विकास के साथ शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि स्वच्छता में हमारे सीहोर का नाम देश-प्रदेश मे रोशन हो, अब इस उम्मीद को धरातल पर उतारने की बारी आ गई है। सरकार और सिस्टम की मशीनरी के अलावा खुद ही घर से शुरुआत कर स्वच्छता हर हाल में लाने की ठानना ही होगा। हमारी जिम्मेदारी और शहर को अव्वल लाने की तैयारी, बेहतर परिणाम तय हैं। कचरा न खुद फैलाएंगे और दूसरों को ऐसा करने से रोकेंगे, यही एक आदत शहर की तस्वीर बदल सकती है। आज हम प्रदेश में टाप पर है आगामी दिनों में इस संकल्प के साथ हम देश में अव्वल आऐंगे।

## मंडी में नए सोयाबीन का श्रीगणेश



**सीहोर।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार से नई सोयाबीन की आवक शुरू हो गई। पहली आवक में ही सोयाबीन को 4551 रुपए प्रति क्विंटल के अच्छे दाम मिले। पीयूष ट्रेडिंग कंपनी ने यह खरीदी की। इस साल सीहोर जिले में मानसून की अनियमितता देखी गई। जिले में अब तक 940 एमएम बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि में हुई 1023 एमएम बारिश से कम है। मानसून ब्रेक की स्थिति ने कई किसानों की फसल को प्रभावित किया है। हालांकि, कुछ किसानों के लिए यह सीजन फायदेमंद रहा। जिन किसानों ने समय पर बोवनी की और जिनके पास सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था थी, उनकी फसल अच्छी हुई है। पिछले एक महीने से फसल खराब होने की सूचनाएं आ रही थीं और किसान आंदोलन भी कर रहे थे। लेकिन जल्दी बोवनी करने वाले किसानों की फसल अब बाजार में आ गई है।

## खबर संक्षेप



### कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**सीहोर।** कृषि विभाग के उप संचालक कार्यालय में विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने विभागीय सीएम हेल्पलाइन की विकास खण्डवार समीक्षा की और अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने रबी सीजन में उर्वरक वितरण की पर्याप्त व्यवस्थाएं करने और उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए विक्रय केंद्रों का सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में अधिकारियों को गुण नियंत्रण कार्यक्रम, मिट्टी परीक्षण, फसल बीमा, बलराम तालाब, नलकूप, बायोगैस एवं एनएफएसएम दलहन, तिलहन योजनाओं की समीक्षा कर आवंटित लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला सुरक्षा अधिनियमों के बारे में किया गया जागरुक



**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एडीआर भवन सभाकक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम)-2013 तथा घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम - 2005 के संबंध में जागरूकता के उद्देश्य से कार्यशाला सह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने अधिनियमों के अंतर्गत कार्य स्थल, यौन उत्पीड़न, शिकायत निवारण समिति और उसके क्षेत्राधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा, अधिनियम की परिधि में आने वाली घरेलू नातेदारी, अधिनियम के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले अनुतोष और अधिनियम के दंडात्मक प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया।

### 518 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 12 सितंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 368 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 150 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 72 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# नशे से दूर करने के लिए समाज को जागरुक करना जरूरी:ऋषि सोनी

**केन्द्र के संचालक राहुल सिंह बोले: नशा करने से परिवार में आर्थिक नुकसान होने के साथ उसके स्वास्थ्य पर भी गलत असर पड़ता है। नशे की लत इंसान को खोखला बनाती है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान की भक्ति और बुजुर्गों का आशीर्वाद हर समय हमें सकारात्मक विचार से हमें जोड़ने का कार्य करते है। मेरे विद्यार्थी परिषद से लेकर भाजपा के मंच तक आने तक मुझे अच्छी संगत मिली है, जिसके कारण अपने आपको नशे से दूर रखने में मदद मिली है। इसलिए नशे से दूर होने के लिए सबसे जरूरी बात है हमें अपने आप को नशा करने वालों से बचकर रहना चाहिए। क्षेत्र में लंबे समय से मादक पदार्थों व नशीली दवाइयों का सेवन करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। उक्त बात शहर के संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान भाजपा के युवा नेता ऋषि सोनी ने कही। इस मौके पर उन्होंने कहाकि केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के कारण हजारों लोगों की जिंदगी में रोशनी आई है और अनेक परिवार बर्बाद होने से बचे है।

इस मौके पर केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने कहाकि नशा करने से परिवार में आर्थिक नुकसान होने के साथ उसके स्वास्थ्य पर भी गलत असर पड़ता है। नशे की लत इंसान को खोखला बनाती है। कुछ नशीली दवाइयां ऐसी होती हैं जिसकी लत से समय रहते व्यक्ति को दूर नहीं जाए तो वह




उसकी मौत का कारण भी बन जाती है। शहर में शराब, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट का चलन ज्यादा है। लेकिन क्षेत्र की तंग बस्तियों में कुछ अलग प्रकार का नशा किया जाता है। आज के युवाओं को नशे से दूर करने के लिए हमें समाज को जागरूक करने की जरूरत है। शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला की शुरूआत नशा मुक्ति की प्रार्थना के साथ की गई। इसके पश्चात केन्द्र के संचालक श्री सिंह, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आकाश राय, धर्मेश शर्मा, कमलेश राय आदि ने विशेष अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के युवा नेता ऋषि सोनी, भाजपा नगर मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश परिहार आदि का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर श्री सोनी ने कहाकि इन दिनों शहर सहित आस-पास के युवा इंजेक्शन, दवाइयों व अन्य तरह-तरह के नशे में फंसे है। युवाओं में तो यह आंकड़ा काफी ज्यादा है। नशे में फंसे युवा न केवल अपना करियर बर्बाद कर रहे हैं बल्कि अभिभावकों की उम्मीदों को भी धूमिल कर रहे है। नशे से किसी का भला नहीं हुआ, नशा करने वाले का सामाजिक और नैतिक दोनों ही पतन निश्चित है। नशे में युवा न केवल अपना नाश करता है बल्कि परिवार भी इसका शिकार होता है।

## पुलिस ने 182 वारंटी पकड़े: सीहोर में रात्रि कॉम्बिंग गश्त ने 172 अपराधियों की चेकिंग की, 5 घंटे चली कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस ने रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक बड़ी कॉम्बिंग कार्रवाई की। कार्रवाई में पुलिस ने 182 वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें स्थाई और गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। साथ ही 172 चिह्नित अपराधियों की सघन चेकिंग की गई।

इनमें जिला बदर, निगरानी बदमाश और गुंडे शामिल थे। सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां कोतवाली थाना क्षेत्र में हुईं। यहां 29 वारंटी पकड़े गए। इछावर थाना क्षेत्र में 16, रेहटी और भैरूंदा में 15-15, आष्टा और जावर में 14-14 तथा शाहगंज में 12 वारंटी गिरफ्तार किए गए। कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, एसडीओपी पूजा शर्मा, रवि शर्मा, सीएसपी अभिनंदना शर्मा, डीएसपी हेमंत पांडे और एसडीपीओ आकाश अमलकर शामिल रहे। एसपी ने कहा कि सफल कार्रवाई करने वाली टीमों को इनाम दिया जाएगा। अपराध नियंत्रण के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में यह अभियान चलाया गया। इसमें 238 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

### दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा।

## कन्या शाला स्कूल में मनाया गया उमंग दिवस



**भैरूंदा।** शुक्रवार को नगर के शासकीय कन्या शाला भैरूंदा में उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग दिवस मनाया गया उमंग दिवस में मुख्य रूप से अतिथि उमंग स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल से किशोर स्वास्थ्य परामर्दता सुलोचना चौलकर उपस्थित रही।

आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्व अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं उपस्थित छात्राओं ने ड्राइंग बनाई गई वहीं अन्य खेल प्रतियोगिता कर गतिविधियां कराई गई।।उमंग परामर्शदाता सुलोचना चौलकर द्वारा उपस्थित किशोरियों को उमंग स्वास्थ्य केंद्र के बारे बताने हुए पोषण माहवारी स्वच्छता एवं प्रजनन स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस मन कक्ष के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। वहीं उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 नोट करवाया उमंग काउंसलर सुलोचना जी द्वारा आत्महत्या रोकथाम विषय पर भी बच्चों को समझाया गया। उन्होंने बताया कि आत्महत्या किसी भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। आयोजित कार्यक्रम में आईसीटीसी काउंसलर मीणा बघेल द्वारा एचआईवी एड्स सघन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी फैलने के कारण एवं उपाय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही आईईसी वितरण किया गया।

### सिंधी कॉलोनी में होगी भव्य श्रीराम कथा शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल ने रखी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 13 दिसंबर को सिंधी कॉलोनी मैदान पर भव्य दस दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। भव्य विशाल आयोजन को लेकर शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा रविवार 14 सिंतबर को सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर परिसर में दोपहर एक बजे बैठक का आयोजन रखा गया है।

बैठक की अध्यक्षता शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष मनोज शर्मा के द्वारा की जाएगी। शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के सदस्य शंकरलाल शर्मा, मनोहर सिसोदिया, संतोष वर्मा, राजेंद्र नागर, श्रवण वास्तवार, अशोक सिसोदिया, रमेश आहुजा, हरीश विश्वकर्मा, नरेंद्र परिहार, भूपेंद्र पाहुजा, ओमप्रकाश शाक्य, सेवा यादव, दीपक राठौर,दुष्यंत दासवानी,अमन वर्मा, निखिल वर्मा अनिल खूबचंदानी, रोमी आहुजा, गोपाल कालरा,आशीष राठौर अनुज श्रीवास्तव मंजित जादवानी,आदि ने समस्त श्रद्धालुओं नागरिकों से बैठक में सम्मिलित होने की अपील की है।

## केदारनाथ मंदिर शिखर निर्माण में 2.51 लाख रुपए की राशि प्रदान करेंगे विवेक चंद रूठीया

**सीहोर।** सिद्धपुर सीहोर की पावन भूमि पर बन रहे भव्य श्री केदारनाथ धाम मंदिर के शिखर निर्माण के लिए धर्म रक्षक संत पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा की प्रेरणा से आज नगर सेठ स्वर्गीय मानक चंद जी रूठिया एवं स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला देवी रूठिया की स्मृति में पितृपक्ष श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर उनके सुपुत्र विवेक चंद रूठिया द्वारा 2,51000 रुपए की राशि चेक द्वारा श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम को प्रदान की गई। साथ में विवेक चंद रूठिया ने संपूर्ण समिति को यहां भरोसा दिया कि जहां भी मंदिर निर्माण में रूठिया परिवार एवं मेरी जहां भी जिस रूप में आवश्यकता पड़ेगी में एवं मेरा परिवार श्री केदारनाथ मंदिर में सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे। श्री रठिया ने संपूर्ण सनातनी हिंदुओं से आग्रह किया है कि मंदिर निर्माण में सभी बढ़ चढ़कर अपना सहयोग प्रदान करें या केदारनाथ धाम सिद्धपुर की पावन भूमि पर आलौकिक धाम के रूप में जाना जाएगा क्योंकि कहा जाता है कि पांडवों की मुक्तिः महाभारत युद्ध के बाद ,गोत्र हत्या के पाप से मुक्ति के लिए पांडव भगवान शिव से क्षमा याचना करने केदार क्षेत्र आए थे।



भगवान शिव बैल के रूप में छिप गए थे, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान कर उनका पिछला भाग पकड़ लिया, जिससे वे केदारनाथ के रूप में प्रकट हुए। नर-नारायण की तपस्याः हिमालय में भगवान विष्णु के अवतार नर और नारायण ने भगवान शिव की तपस्या की। शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए और वरदान मांगा कि वे ज्योतिर्लिंग के रूप में उसी स्थान पर निवास करें, जिसे आज केदारनाथ के नाम से जाना जाता है।

## अस्पताल में व्यवस्थाएं होंगी दुरुस्त, जल्द ही शुरू होगी सोनोग्राफी की सुविधा: डॉ. सुधीर डहेरिया



**बुधनी।** नगर में तेजी से बढ़ती हुई आबादी आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा और बेहतर इलाज मुहैय्या कराए जाने की सरकार और जनप्रतिनिधियों की मंशानुरूप करोड़ों रुपए की लागत से अस्पताल भवन तो बनाया गया और इसे सिविल अस्पताल में तब्दील कर दिया गया जिसमें अब 50 बिस्तर की क्षमता वाला अस्पताल संचालित किया जा रहा है लेकिन मरीजों को समुचित ईलाज प्रदान करने में अस्पताल प्रबंधन नाकाम रहा। इसे लेकर प्रबंधन को आमजन की आलोचना झेलनी पड़ी अस्पताल में अक्सर डॉक्टरों की कमी,जांचों का अभाव,एक्स रे नहीं होना,सोनोग्राफी के लिए नर्मदापुरम पर आश्रित होना,मरीजों से अभद्र व्यवहार साहित कई खामियों को लेकर स्थानीय नागरिकों ने रोष व्यक्त किया था ओर हाल ही मे सड़क दुर्घटना में घायल बच्चियों को ईलाज के लिए अन्य अस्पताल में रेफर किया गया परंतु उन्हें ले जाने के लिए समय पर एंबुलेंस नही मिली परिजनों ने हंगामा किया और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे हद तो तब हो गई जब एक अचंभित करने करने वाला मामला सामने आया जिसमें अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स को अस्पताल में सांप ने डस लिया फिर भी जिम्मेदार सब कुछ ठीक होने की बात करते रहे। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधीर डहेरिया अस्पताल पहुंचे इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओ का जायजा लिया। स्थानीय मीडिया ने सिविल अस्पताल में कमियों को लेकर बात की जिसको लेकर सीएमएचओ डॉ सुधीर डहेरिया ने बताया कि सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर किया जाएगा सोनोग्राफी मशीन के लिए दो डॉक्टरों की ट्रेनिग पूरी हो चुकी है रजिस्ट्रेशन होते ही जल्द ही सोनोग्राफी मशीन शुरू हो जाएगी।

## श्री सत्यसांई यूनिर्वसिटी में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, गुरुवार को पौधरोपण अभियान के तहत एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलगुरु प्रोफेसर मुकेश तिवारी के तत्वावधान एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना और छात्रों में सतत पर्यावरणीय प्रथाओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण, पौधों का रखरखाव तथा पर्यावरणीय जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन स्वप्नश्री (जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी) जीशान खान (जिला विधिक सहायता अधिकारी) के निर्देशों के अंतर्गत किया गया।


आवश्यकता है

| क्र. | विकासखंड का नाम | कंपनी का नाम एवं पता | रिक्त पद का नाम | आयु | पदों की संख्या | शैक्षिणक योग्यता एवं कार्य का अनुभव | ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन भेजनेका पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भैरुंदा (नसरुल्लागंज) | कार्तिकेय महिला आजीविका फार्मर प्रडयूसर लिमिटेड कंपनी भैरुंदा | मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) | 21 से 40 वर्ष | 01 | स्नातक कृषि/कृषि इंजीनियिरंग जीव रसायन/रसायन शास्त्र MBA/MSW एवं प्रडयूसर कंपनी में मैनेजमेंट का 02 वर्ष का अनुभव वालों को प्राथिमकता दी जाएगी। | kartikeymahilanasrullaganj @gmail.com कार्तिकेय महिला आजीविका फार्मेर प्रड्यूसर लिमिटेड कंपनी भैरुंदा |

नोटः- आवेदन करने की अंतिम तारिक 20 सितंबर 2025 तक।

नरेन्द्र यादव, ब्लाक अधिकारी आजीविका मिशन
9109980415, 7697160974



VICTORIA COLLEGE
Gram Barkhedi Sehore
(Affiliated By Barkatullah University Bhopal)

APPOINTMENT

Application are invited for the post of Astt. Professor under College Code 28 and Qualification as per UGC Norms.

| S.NO | POST | SUBJECT | NO. OF POST | QUALIFICATION |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ASTT. PROFESSOR | HINDI | 01 | B.A., M.A.(HINDI )55%,P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |
| 02 | ASTT. PROFESSOR | HISTORY | 01 | B.A., M.A.(HISTORY) 55%, P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |
| 03 | ASTT. PROFESSOR | ECONOMIC | 01 | B.A., M.A.(ECONOMICS)55%P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |
| 04 | ASTT. PROFESSOR | MATHEMATICS | 01 | B.SC, M.SC (MATHS) 55% P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |
| 05 | ASTT. PROFESSOR | CHEMISTRY | 01 | B.SC, M.SC (CHEMISTRY) 55% P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |
| 06 | ASTT. PROFESSOR | PHYSICS | 01 | B.SC, M.SC (PHYSICS) 55% P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |
| 07 | ASTT. PROFESSOR | COMMERCE | 03 | B.COM, M.COM (MANAGEMENT, ACCOUNTING) 55% P.HD /NET/SLET As per UGC Norms |

QUALIFICATION FOR ALL ABOVE SHALL BE STRICTLY AS PER UGC NORMS UNDER COLLEGE CODE 28. TO APPLY SEND YOUR CV TO PRINCIPALVCSEHORE@GMAIL.COM WITH IN SEVEN DAYS.


### सांसद शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव के संबंध में ली बैठक

# खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 20 सितंबर तक करा सकते हैं अपना पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सांसद आलोक शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद खेल महोत्सव-2025 के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल तथा जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 20 सितंबर तक पंजीयन करा सकते हैं।

सांसद शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (खेलो इंडिया) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश. द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवा, दिव्यांग, वृद्धजनों सहित सभी प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित एवं




प्रेरित करना, ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सांसद खेल महोत्सव के जिला, मंडल एवं पंचायत स्तर पर सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आगामी 20 सितम्बर तक अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसके पंजीयन के लिए विभाग द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन करके जानकारी भरकर प्रतिभागी आसानी से अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी वेबसाइट www.sansadkhelmahotsav.in पर भी पंजीयन कर सकते हैं। बैठक में विधायक सुदेश राय विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### यह प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

सांसद खेल महोत्सव के तहत पंचायत स्तर पर खो-खो, कबड्डी एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार मंडल एवं जिला स्तर पर क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। मंडल स्तर से चयनित प्रतिभागी टीमों द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की जाएगी।

आतंकी वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े होने के कारण दिल्ली स्पेशल सेल ने लिया 12 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर

# आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी या फिर पैथालॉजिस्ट है कामरान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

परिवार का सबसे छोटा बेटा जिस पर परिवार को चलाने की जिम्मेदारीयां हो वह पैथालॉजी पर ब्लड सेंपल कलेक्शन के साथ साथ टैली का काम कर किसी तरह अपने परिवार को चला रहा था। परंतु वह कब देश और कैसे वाट्सएप ग्रुप पर देश के संदिग्ध आंतकवादियों की श्रेणी में आ गया यह आश्यर्च की बात है। बुधवार को शहर में आई दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर से इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया से जुड़े संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। सिटी टीआई वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस की टीम ने बुधवार को बताया कि दिल्ली में एफआईआर क्रमांक 240/25 पर शहर के संदिग्ध कामरान का नाम है। इसी क्रम में शहीद कॉलोनी से कामरान कुरैशी को पकड़ कर पूछताछ की गई। बता दें कि कामरान पर आम्र्स एक्ट से जुड़ा मामला सामने आया था।



### देवास से ब्यावरा आकर रहने लागा था परिवार

संदिग्ध के पिता देवास के रहने वाले थे। यहां पर 1987 में पिता की शादी ब्यावरा हुई और उसके बाद में 1988 में देवास से साउदी अरब चले गए। साउदी अरब में 1 साल काम करने के बाद देवास आए और लोहे ही अलमारी बनाने का काम डाला। किसी कारण के चलते वह काम ज्यादा दिन नहीं चल पाया और 1999 में ब्यावरा आए यहां पर तभी से निवासरत है। यहीं पर कृषि मंडी रोड पर डेंटिंग पेंटिंग का काम कर रहे हैं। इनके 4 बच्चे हैं जिनमें 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। सबसे छोटा कामरान है। शिक्षा इसने ब्यावरा से प्राप्त कर टेली का कोर्स किया। उसके बाद इंडियन पैथालॉजी पर काम कर रहा है। ऑल्ड एबी रोड पर अकबर बिल्डिंग के सामने काम कर रहा था जहां ब्लड सेंपल कलेक्टिंग का काम करता था।

### 4 राज्यों से 5 संदिग्धों को किया गया है गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला विस्फोटक सामान बरामद होने के चलते देश भर के 4 राज्यों से 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है जिसमें से 1 ब्यावरा का कामरान है। जबकि अन्य संदिग्ध आतंकियों में 2 दिल्ली, 1 तेलंगाना,1 हैदराबाद और 1 ब्यावरा से है।

दिल्ली पुलिस का दावा है कि ग्रुप सांप्रदायिक नफरत फैलाने का काम प्राथमिकता से करता है। ग्रुप के हेड दानिश को रांची से पकड़ा गया है यह मोस्ट वांटेड अपराधी बताया जा रहा है। अब जैसे जैसे जांच आगे बढ़ेगी तो वैसे ही परतें खुलती जाएंगी। ब्यावरा के कामरान सहित जो पांच संदिग्ध आतंकी पकड़े गए हैं उनके पास से सोडियम बाईकार्बोनेट, सल्फर पाउडर, नाईट्रिक एसिड, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सर्किट वायर सहित बम बनाने में प्रयुक्त होने वाले ऐसे ही अन्य सामान एवं उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

### दिनभर रहस्य बना रहा कामरान की कस्टडी शाम को बताया की ले गई दिल्ली पुलिस

ब्यावरा। शहर की शहीद कॉलोनी से बुधवार सुबह करीब 6 बजे कामरान को अरेस्ट कर पूछताछ के नाम पर ले जाया गया। परंतु दिन भर इस बात के कयास ही लगाए जाते रहे की बाहर की कोई पुलिस टीम ने अरेस्ट किया है तो कोई बोला की बदमाश उठा ले गए परंतु फिर शाम को 7 बजे के आसपास सिटी पुलिस थाने में कामरान को लाया गया और विधिवत उसे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा ले जाया गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस सेल द्वारा अपराध क्रमांक 240/15 धारा 25 आम्र्स एक्ट बीएनएस की धारा 61/2 में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### पाकिस्तान से जुड़े इन आतंकियों के तार

दिल्ली पुलिस के अनुसार ये लोग एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। उसने इन्हें खिलाफत मॉडल अपनाने को कहा था। इन्हें हमलों के लिए ठिकाना खोजना था। साथ ही अन्य युवकों को भी इससे जोड़ने का टास्क दिया गया था। यह मॉड्यूल आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) से प्रेरित था और केमिकल बमों के जरिए बड़े हमले की प्लानिंग इनके द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि फिलहाल सभी गिरफ्तार आंतकियों से पूछताछ की जा रही और पुलिस को इस मॉड्यूल से जुड़े और भी सुराग मिलने की उम्मीद है।

### आतंकी वाट्सएप ग्रुप पर जुड़ा होना पड़ा महंगा

देश के अलग अलग राज्यों से वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े हुए संदिग्ध टेरेरिस्ट के सदस्य होने के संदेह के कारण कामरान को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि अखिल भारतीय आतंकी माड्यूल द्वारा युवाओं को आईएसआईएस आंतकी संगठन की तर्ज पर काम करने की सोच रखता था जिसके चलते दिल्ली पुलिस ने उठाया।

### दिल्ली स्पेशल सेल की 12 दिन की रिमांड पर भेजा

सूत्र बताते हैं कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कामरान को कोर्ट के आदेश के बाद 12 दिन की रिमांड पर ले लिया है। जिससे बहुत से मामलों में इससे पूछताछ किया जाना है।

# जिले की 623 पंचायतों के जीआरएस को 2 माह से नहीं मिला वेतन

## मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ जिले की विभिन्न जनपदों के तहत आ रही 623 ग्राम पंचायतों में पदस्थ रोजगार सहायकों को बीते दो माह (जुलाई व अगस्त) से वेतन नहीं मिल पाया है। ऐसे में आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे रोजगार सहायक संघटन के पदाधिकारियों ने जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए मानदेय जल्द दिलवाने सहित अन्य मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। रोजगार सहायक संगठन जिलाध्यक्ष सागर गुर्जर ने बताया कि उक्त दो माहों में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव सहित अन्य पर्व निकल गए, जो बिना मानदेय के ही आर्थिक परेशानियों के बीच जीआरएस द्वारा मनाए गए। संगठन पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग रखी कि सभी रोजगार सहायकों को दोनों महीनों का मानदेय तत्काल भुगतान करवाया जाए।



### सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में सौंपे जाए वित्तीय अधिकारी

*सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उस आदेश का भी हवाला दिया गया है जिसमें सचिव विहीन पंचायतों के प्रभार रोजगार सहायकों को देने का उल्लेख है। इसके बावजूद जिले में उक्त आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है और अनेक पंचायतों में एक ही सचिव को एक से अधिक पंचायतों का प्रभार सौंपते हुए वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए हैं। ऐसे में ज्ञापन के जरिए मांग रखी गई है कि सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायक(सहायक सचिव) को ही पंचायत के सचिवीय अधिकार सौंपे जाए। ज्ञापन के अवसर पर ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष सर्जन सिंह पंवार, राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मोहन गुर्जर, सारंगपुर ब्लॉक अध्यक्ष कालू सिंह, जीरापुर ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू दांगी, नरसिंहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण उमठ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।*

# शहर में चल रहीं अवैध पैथालॉजी और क्लीनिक, जांच करने पहुंचे अधिकारी

**विदिशा।** शहर में धड़ल्ले से संचालित हो रहीं अवैध पैथालॉजी और इलीगल क्लीनिकों की जांच करने के लिए डीएचओ पुनीत माहेश्वरी ने बुधवार को निरीक्षण किया। विदिशा नगर में संचालित करीब 10 पैथालॉजी लेब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया ब्लड कलेक्शन सेंटर की आड़ में अवैध पैथालॉजी संचालित हो रहीं हैं। इसके अलावा ऐसी भी पैथॉलाजी शहर में चल रहीं हैं जिनका संचालन प्रशिक्षित लोगों द्वारा किया जा रहा है। लेकिन मरीजों को जांच रिपोर्ट पैथॉलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर के हस्ताक्षर वाली प्रिंट दी जाती है। सच्चाई तो यह है कि यह जांच रिपोर्ट स्थानीय संचालक द्वारा ही तैयार कर दी जाती है। लेकिन इस तरह के अवैध संचालन पर जांच दल ने नोट तो किया लेकिन बयान नहीं दिया। डॉ माहेश्वरी ने बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। इस दौरान 8 से 10 क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य यह देखना था कि संबंधित संस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित आवश्यक विभागों में पंजीकृत हैं या नहीं।सीएमएचओ के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में जो भी संस्थान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया गया था आयोजन

# जिले के 5 खिलाड़ियों ने गुना में जीते गोल्ड, सिल्वर सहित 5 मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के तहत 8 से 11 सितंबर तक गुना जिले में आयोजित हुई जुडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते 03 गोल्ड मेडल, 01 सिल्वर मेडल, एक ब्राउंज मेडल प्राप्त किया है।

गोल्ड मेडल पाने वाले खिलाड़ी में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति एवं देशराज यादव शामिल रहे। इसी प्रकार सिल्वर मेडल सुमित प्रजापति ने प्राप्त किया वहीं ब्राउंज मेडल पर श्री कुश ने कब्जा जमाया। ये सभी खिलाड़ी खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण युवा केन्द्र एवं खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर ब्यावरा में कोच शुभम राजपूत के द्वारा नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस उपलब्धि पर खेल और युवा कल्याण विभाग अधिकारी शर्मिला डावर सहित अन्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अब यह खिलाड़ी मणिपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।




अनजान वृद्ध महिला के इलाज उपरान्त उज्जैन आश्रम पहुंचाया

# जिसका कोई नहीं था उसका सहारा बना अस्पताल का स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

करीब तीन माह पूर्व जिला अस्पताल में 60 वर्षीय एक वृद्ध महिला को गंभीर हालत में सर्जीकल वार्ड में भर्ती किया गया था। पुष्पाबाई नाम की इन वृद्ध महिला के साथ कोई परिजन साथ नहीं होने पर जिला अस्पताल के स्टाफ ने ही उन्हें अपना मानकर इलाज किया और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हो चुकी हैं। जांच में सामने आया था कि पुष्पाबाई को किसी जानवर ने पैर में काटा था जिसके चलते उनकी स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर थी। सर्जीकल वार्ड में डॉ. आर.एस. परिहार (अब सेवानिवृत्त), डॉ. राजेंद्र कटारिया, डॉ. रजनीश शर्मा, वार्ड इंचार्ज योगेश्वरी नागपुरे सहित अन्य स्टाफ ने उपचार के साथ-साथ मरीज को दैनिक उपयोग की सामग्री सहित कुछ आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। पुष्पाबाई के पूरी तरह स्वस्थ होने पर 11 सितंबर को उन्हें अस्पताल प्रबंधन द्वारा उज्जैन के एक आश्रम में भेजा गया है।



### राज्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

गुरुवार को प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर व चिकित्सकीय स्टाफ मरीजों के लिए भगवान का रूप होते हैं। इसलिए उनका व्यवहार मधुर और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए। विभागीय योजनाओं की समीक्षा उपरान्त टेटवाल नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं के बीच भी पहुंचे एवं उनके साथ संवाद किया।

### गो तस्करी में पकड़ा गया वाहन राजसात

**विदिशा।** कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन में जप्त एक वाहन को राजसात करने का आदेश जारी कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि रायसेन जिले के ग्राम हाकिमखेड़ी के जाहिद खां पुत्र अजीज खां के द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 3688 लोडिंग आटो में पशुओं के अवैध परिवहन करता पाए जाने पर उक्त वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है।

### पुलिस चेकिंग अभियान 17 चालान बनाए

**विदिशा।** यातायात पुलिस द्वारा विवेकानंद चौराहे पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 18 वाहन चालकों के चालान बनाए गए। अर्थदंड वसूला गया।

### निशुल्क शिविर लगा

**कुरवाई।** कुरवाई के शहीद पुलिस निरीक्षक स्व. वीरसिंह सप्रे की स्मृति में जीवनदान अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। यह शिविर पटेल लैंड मार्क मेंआयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया। इस अवसर पर शिविर में सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सकों को शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे अपने बड़े भाई को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बड़े भैया के आशीर्वाद से ही मैं जनता की सेवा कर पा रहा हूं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है।

# किसानों को दिया जा रहा है एटीएम कार्ड, इसी से मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

किसानों को अब खाद वितरण में अव्यवस्था और लंबी कतारों से निजात मिलने जा रही है। सरकार ने को-ऑपरेटिव बैंक और सहकारी समितियों के माध्यम से खाद एटीएम (डेबिट कार्ड) व्यवस्था की शुरुआत की है। बैंक पर्यवेक्षक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि किसान अपने एटीएम कार्ड से निर्धारित कोटे के अनुसार खाद ले सकेंगे। कार्ड में किसान की जमीन के रकबे के आधार पर खाद की मात्रा पहले से दर्ज रहेगी। शमशाबाद जिला सहकारी बैंक अंतर्गत दस समितियों में किसानों को एटीएम कार्ड बांटे जा रहे हैं। इसी क्रम में सहकारी समिति शमशाबाद में किसानों को एटीएम कार्ड वितरण किए गए।



### लंबी कतार से निजात

एटीएम कार्ड से मिलेगा तय कोटे का खाद। इससे लंबी कतार से निजात मिल जाएगी। किसानों को यह जानकारी देते समय इसके फायदे गिनाए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विनोद अहिरवार, समिति प्रशासक एम.एस. भदौरिया, समिति प्रबंधक पूजा मीना, राजेन्द्र राजपूत, सुन्दर सिंह राजपूत, केशव त्यागी, बाबू सिंह राजपूत, सौदान कुशवाह, राजेश चौहान, जानकी प्रसाद शर्मा, बृजेश धाकड़, लिपिक तुलसीराम शर्मा सहित किसान उपस्थित थे।

नि:शुल्क स्कूटी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, सीएम ने वर्चुअल दी बधाई

# सारंगपुर में 5 और पचोर में एक को मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत शनिवार को सारंगपुर और पचोर में स्कूटी वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल रूप से जुड़कर छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया। उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में आयोजित समारोह में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,गोपाल पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या पूजा विजयवर्गीय ने बताया कि स्कूटी योजना में चयनित छात्र-छात्राओं को प्राधिकार पत्र सौंपे गए। इनमें उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा महिमा पिता मनोजकुमार जैन, प्रियांशु पिता हरिनारायण प्रजापति, मॉडल स्कूल के राहुल पिता फूलसिंह परमार, दीक्षिका पिता रुगनाथसिंह और कन्या उमावि की पायल पिता माखन विश्वकर्मा शामिल रहे। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि श्रीटेटवाल एवं नपाध्यक्ष पालीवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को पत्र वितरित कर कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और मेहनत से ही सफलता संभव है। शहर की यह प्रतिभाएं भविष्य में क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान रामेश्वर डांगी, सुनील कुमार सेन, दुर्गेश कुमार भारती, संतोष मालवीय, गुलाब सिंह कच्छावा, राहुल मालवीय, मोहन लववंशी, लाल सिंह राजपूत सहित राजेश जाटव, ममता यादव, सविता लववंशी, तृप्ति पंचोली, वैजयंती चैरसिया, पिंकी यादव आदि शिक्षक उपस्थित थे।



वहीं पचोर के पीएमश्री कन्या उमावि पचोर में हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सशक्त भारत के लिए सशक्त नारी शक्ति जरूरी है। छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।

प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित आंकड़ों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए - कलेक्टर गुप्ता

# कलेक्टर ने युवा उद्यमियों द्वारा संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शासन की योजनांतर्गत जिले के 7 विकासखंडों में 8 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 5 प्रयोगशालाओ को छह माह पूर्व संचालन हेतु निजी हाथों में सौंपा गया था। इस प्रकार वर्तमान में जिले की आठ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 3 युवा उद्यमियों द्वारा, 2 एफपीओ द्वारा, 1 वीएसटीएल योजनांतर्गत अंतर्गत तथा 2 शासन द्वारा संचालित हो रही हैं। उक्त प्रयोगशालाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिये हैं कि प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित ऑकडों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए। जिसमें उन गांवों को प्रदर्शित किया जाये जहां पर जरूरत से ज्यादा उवर्रक कृषकों द्वारा उपयोग किया जा रहा है, ताकि उन कृष्कों को मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह दी जा सके। उक्त बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया, सहायक संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक संचालक अविना परिहार सहित सभी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के लैब प्रभारी एवं शाखा प्रभारी साक्षी सचान उपस्थित रहे।

इस बैठक का उददेश्य मिटटी की जांच से सम्बंधित प्रयोगशलाओं के कामकाज की समीक्षा करना था। इस वर्ष अभी तक कृषकों के खेतों से 20 हजार 944 मिट्टी के नमूने लिये जा चुके हैं। जिनमें से 17 हजार 491 नमूने विश्लेषित किये जाकर कृषकों को मृदा स्वास्थय कार्ड उपलब्ध करा दिये हैं। ज्ञात हो कि मिट्टी परीक्षण से मृदा में उपलब्ध पौषक तत्व जैसे नाईट्रोजन, फास्फोरस पोटेशियम आदि की मात्रा का ज्ञान होता है। जिससे फसलों के लिये आवश्यक उर्वरकों की मात्रा का निर्धारण किया जा सकता है।

### तिलक गांव के गोविंद सिंह पर इनाम घोषित

**विदिशा।** नकद इनाम की घोषणा विदिशा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा सिविल लाइन थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 804/2024 की विभिन्न धाराओं का का फरार आरोपी गोविन्द सिंह पुत्र खुमान सिंह दांगी निवासी ग्राम तिलक हाल मां विहार कालोनी, बगीचा रेस्टोरेन्ट के सामने विदिशा की सूचना देने वालो को तीन हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है।

## खबर संक्षेप

### विराट काव्य महोत्सव का आयोजन 13 व 14 को

**नर्मदापुरम।** समाजसेवा, कला, साहित्य,संस्कृति को सर्मपित संस्था नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा हिन्दी दिवस के अवसर पर विराट काव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के किशोर करैया केप्टिन बताया की माँ मंदाकिनी के पावन तट, चित्रकूट जैसे ऐतिहासिक, धार्मिक,दार्शनिक पावन धाम मे देश के सुप्रसिद्ध, अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एंव स्थापित कवियों के सानिध्य में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय 13 एवं 14 सितंबर को अखिल भारतीय कवि समागम एंव सम्मान समारोह होटल चित्रकूट दर्शन चित्रकूट मे आयोजित किया जा रहा है। समिति के हंस राय ने बताया की आयोजन मे देश के विभिन्न प्रांतों से 50 कवि,साहित्यकारो को आंमत्रित किया गया है केप्टिन करैया ने बताया की उपस्थित कवियों के काव्य पाठ उपरांत सभी कवियों का सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### चेक बाउंस होने पर सुनाई 6 माह की सजा

**माखन नगर।** खाद बीज विक्रेता विजय कुमार जैन निवासी बाबई द्वारा अजय पिता हेमराज मीना निवासी गोंदलवाड़ा के विरुद्ध होशंगाबाद न्यायालय में 250000 रु. के चेक बाउंस का एक प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। निराकरण के परिपेक्ष्य में न्यायालय द्वारा आरोपी अजय मीना को 6 माह के कारावास से दंडित कर 335470 रु. की राशि चुकाने का निर्णय पारित किया गया है।

### बीमा राशि की मांग को लेकर किसानों ने किया तहसील में प्रदर्शन

# किसानों का आरोपः बीमा प्रीमियम से भी कम आई राशि, यह ऊंट के मुंह में जीरा

किसानों ने अपनी बात रखते हुए एसडीएम और कृषि विस्तार अधिकारी से कहा कि पिछले साल पूरे क्षेत्र में कहीं पर भी सोयाबीन नहीं हुआ था। सर्वे भी हुआ, लेकिन सरकार ने जो बीमा राशि कुछ दिन पहले वितरित किया वह ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीमा राशि से वंचित किसानों ने तहसील कार्यालय में पहुंचकर राज्यपाल के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंपा साथ ही हकीमाबाद, धनाना, लोरास कला, हीरापुर, टांडा,द पहड़िया, मालीखेड़ी, मुंडीखेड़ी, काजीखेड़ी, लखीमपुर, जाफराबाद, लसूडिया सुखा,चाचाखेड़ी, शंभूखेड़ी, पटरिया, मोलुखेड़ी, बेदाखेड़ी खामखेड़ा सेवदा सहित दर्जनो गांव के सेकड़ो किसान तहसील कार्यालय आष्टा में पहुंचे और जंगी प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी बात रखते हुए एसडीएम और कृषि विस्तार अधिकारी से कहा कि पिछले साल पूरे क्षेत्र में कहीं पर भी सोयाबीन नहीं हुआ था। सर्वे भी हुआ, लेकिन सरकार ने जो बीमा राशि कुछ दिन पहले वितरित किया वह ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है।

किसी को 100 किसी को 500 जबकि इससे ज्यादा तो किसनों की बीमा प्रीमियम का पैसा लगा है। और हम गांव के किसानों को बीमा नहीं मिला है। हमारा आपसे निवेदन हैं कि तत्काल हमारी फसल की बीमा राशि वितरण की जाए। साथ ही इस वर्ष भी अति वर्षा के कारण सोयाबीन में पीले मोजेक की बीमारी है। इस लिए कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी द्वारा सर्वे कर इस बार का बीमा भी जल्द दिलवाया जाए। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल हमारी समस्या का हल नहीं निकाला और यदि बीमा वितरण नहीं किया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। जिसमें धरना प्रदर्शन बाजार बंद जैसे आंदोलन रहेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की रहेगी।

क्षेत्र के किसानों की उक्त मांग को लेकर प्रमुख रूप से महेश मूंदीखेड़ी से मेहरवान सिंह, रमेश मेवाड़ा, मोर सिंह सियाखेड़ी, ज्ञानसिंह मंडलोई, अनार सिंह हीरापुर, बनेसिंह सरपंच, इलकार राजपूत, आत्माराम परमार, देवराज परमार, प्रेम पटरिया, अखलेश राजपूत, राहुल पटरियां, छोटे लाल, महेश सेवदा, सजन यादव, दशरथ चेयरमैन, प्रवीण मेवाडा, कृपाल सिंह, महेंद्र मोलुखेडी, मिश्रीलाल छपरी, महेंद्र



मोलुखेडी, लखन सिंह, राकेश लसूलिया, मान सिंह, केदार सिंह, देवकरण, विनोद मेवाडा, दिलीप पटेल, दोलत सिंह परवा, गजराज सिंह सरपंच मालीखेड़ी, प्रकाश पटेल, दसरत सिंह, देवेंद्र राजपूत, धीरप सिंह, अर्जुन सिंह आदि किसोनों ने अपनी मांग रखी।

# नपाध्यक्ष प्रतिनिधि और अधिकारियों ने किया रामपुरा जलाशय का निरीक्षण

### जल का सदुपयोग करने की अपील की



**आष्टा।** पार्वती नदी में शटर लगाने दिए निर्देश, ताकी जल हो सके संग्रहित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अंचल में पर्याप्त बारिश नही होने से हर कोई चिंतीत है, क्योंकि बारिश का मौसम अपने अंतिम पढ़ाव पर है ऐसे में बारिश का नही होना गहरे जलसंकट की स्थिति से रूबरू कराता हुआ दिखाई दे रहा है। इन्हीं सब स्थिति-परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा रामपुरा स्थित जलाशय पर नपा अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति एवं पार्षद साथियों सहित पहुंचे और जलाशय में भंडारित जल की सूक्ष्मता से जानकारी ली।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के जलशाखा प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बारिश की कमी के चलते पार्वती नदी में भंडारित जल पर्याप्त मात्रा में नही है। सिर्फ 6 फिट ही पानी रामपुरा डेम में संग्रहित है। ऐसे में आगामी दिनों में होने वाली बारिश के पानी को भंडारित करने के लिए समय से शटर लगाने का कार्य प्रारंभ करें, ताकि समय रहते पार्वती नदी में नगरवासियों के लिए जल का भंडारण हो सकें। श्री मेवाड़ा ने नगरवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि मौसम के मिजाज को देखते हुए जलसंकट की स्थिति बन सकती है, ऐसे में उससे निपटने के लिए आप अपने निजी जलस्त्रोतों में बारिश का पानी पहुंचाएं, ताकि जलस्त्रोत रिचार्ज होकर आपको पर्याप्त जलापूर्ति ग्रीष्म ऋतु में कर सकें। पानी का अपव्यय होने से बचाएं, पानी को व्यर्थ न बहाएं। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल हेतु अन्यत्र भटकना नही पड़े इसके लिए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने नपा जलशाखा टीम को निर्देशित किया है कि पार्वती नदी में संग्रहित जल की चोरी होने से बचाया जाए।

नदी से सटे ग्रामीणजनों को मुनादी के माध्यम से चेतावनी दी जाए कि नगर आष्टा के लिए संग्रहित जल से चोरी छुपे सिंचाई न करें, अगर ऐसा करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि नगर की जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलस्त्रोत पार्वती नदी है, जिसमें संग्रहित जल से ही नगर के नागरिक अपनी प्यास बुझाते है, साथ ही घरेलू उपयोग में भी नदी के पानी का ही उपयोग करते है। पानी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पार्षद रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, मोहम्मद इसरार, रमेश यादव, पूरणसिंह मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

# मिट्टी खाकर कन्हैया ने मुंह खोला तो यशोदा माता को पूरा ब्राहमांड दिख गयाः पंडित शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गौकुल की मिट्टी खाकर कन्हैया ने जब मुंह खोला था तो माता यशोदा को पूरा ब्राहमांड दिख गया था। भगवान श्रीकृष्ण ने द्वापर युग में गोवर्धन पूजा कर प्राकृतिक के महत्वपूर्ण अंग जल, जंगल, जमीन, आकाश ग्रह, सूर्य चन्द्रमा,सागर नदी,पर्वत की रक्षा करने का संदेश दिया था लेकिन अब वसुन्धरा की रक्षा नहीं की जा रही है प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है जिस से भगवान का प्रकोप बाढ़,भुस्खन सूनामी तुफान भुकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देखने को मिल रहा है। हमें कोई अधिकार नहीं है कि इस प्रकृति का दोहन करें। भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की सुख के लिए की है हमें आज सृष्टि के हर अंग की सुरक्षा करनी होगी यह बात



शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं के मध्य पं. आनंद मोहन शुक्ला ने कहीं। कथावाचक पंडित शुक्ला ने बताया कि विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां जल जंगल जमीन पहाड़ भी पूजे जाते हैं उनके बिना मानव मात्र की कल्पना ही नही की जा सकती है। प्रकृति हमें जन्म से लेकर मृत्यु तक कुछ ना कुछ देती है क्योंकि यह मां है और मां हमेशा अपने पुत्रों का कल्याण करती हैं। बाल गोपाल कन्हैया ने खेलते हुए मिटटी खाकर उसे मुंह में छुपा माता यशोदा ने कन्हैया से मुंह खोलने को कहा, तब कन्हैया ने मुंह खोलने से बालहट कर मना कर दिया, लेकिन जब माता यशोदा के बार-बार कहने पर कन्हैया ने अपना मुंह खोला तो उसमे जल जंगल, सूर्य, चन्द्रमा, वन नदी सागर पहाड़ आदि दिखाई दिये जिन्हें देखकर माता अत्यन्त आश्चर्य चकित हो गई। अर्थात यह प्राकृति स्वयं परमात्मा है। भगवान बाल गोपाल ने वृंदावन में इंद्र की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की और अपनी एक छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर लिया। राजा इंद्र ने जब देखा कि गोकुलवासी उनकी पूजा नहीं कर रहे हैं तो उन्होंने मूसलाधार बारिश के साथ आंधी तूफान प्रकट किया लेकिन गोकुलवासियों ने भगवान की स्तुति कर संकटो से बच गए। इसी लिए सृष्टि में गोवर्धन की परिक्रमा की जाती है।

### कारगर साबित हो रही मातृवंदना योजना

**सीहोर।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उचित पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें एवं जन्म लेने वाले शिशु में पोषण संबंधी किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। सीहोर निवासी रक्षा राजपूत भी उन महिलाओं में एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का लाभ मिला है। श्रीमती रक्षा कहती हैं कि इस योजना के तहत मिली सहायता राशि से उन्होंने अपने और अपने शिशु के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल की।

# ढोली थारो गरबा का मानस भवन में आयोजन होगा, प्रीती अध्यक्ष और अनीता बनी उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नवरात्री का पर्व समीप आते ही नगर मे गरबा रास प्रतियोगिता का आयोजन का सिलसिला प्रारम्भ हो गया है। लगातार 5 वर्ष से ढोली थारो गरबा रास 5.0 समिति का आयोजन मानस भवन परिसर में 25 और 26 सितम्बर को आयोजित किया गया है। गरबा प्रतियोगिता को व्यवस्थित करने के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमे प्रीती जी टोंग्या को अध्यक्ष तथा अनीता जी भट्ट को उपाध्यक्ष चुना गया। ढोली थारो गरबा रास 5.0 समिति के गठन के पश्चात स्वागत एवं सम्मान हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने साफा पहनाकर किया। अध्यक्ष प्रीती टोंग्या उपाध्यक्ष अनीता जी भट्ट ने इस अवसर पर कहा की धार्मिक परंपरा को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन समिति द्वारा बीते चार वर्षो में भी किये गए और इस वर्ष भी आयोजन सभी के सहयोग से व्यवस्थीत रूप से संपन्न कराया जायगा । इस अवसर पर आयोजन समिति के अभिषेक झा, विनय वर्मा , अंशु कुशवाहा, रितिक धवल, वेदांत टोंग्या, रवि कुशवाह, हर्षित दुबे, हितेश बत्रा, बलवीर ठाकुर, मोहित कुशवाह, ध्रुव राठौर, रोशन, राहुल जाट, गौतम शर्मा, शिवम सोनी, बैटरी पहलवान, अनिकेत , रोहित कुशवाहा, मोहित कुशवाह,तनिष्क जैन, पुष्कर, सिद्धांत जसाठी आदि सम्मिलित थे।

# कैबिनेट का नगरीय निकाय में प्रत्यक्ष प्रणाली निर्वाचन का निर्णय स्वागत योग्यः शैलेश वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कैबिनेट में 9 सितंबर को प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचन का निर्णय लिया गया इस पर नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने इस निर्णय को स्वागत योग्य बताकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश डॉक्टर मोहन यादव एवं उनकी कैबिनेट को धन्यवाद ज्ञापित किया है पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने कहा कि सन 2014 से प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचन होता था जिसमें जनता सर्वोपरि होती थी एवं जनता के वोट से नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम में महापौर और अध्यक्ष निर्वाचित होकर पहुंचते थे परंतु 2014 के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ की कैबिनेट द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अब जनता अध्यक्ष और महापौर को निर्वाचित नहीं करेगी। पार्षदों के माध्यम से ही अध्यक्ष और महापौर निर्वाचित होंगे इस निर्णय की वजह से आम जनता में भी काफी आक्रोश देखा गया एवं सूत्रों से भी यह ज्ञात होता है कि ऐसी स्थिति में भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिला है परंतु वर्तमान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश डॉक्टर मोहन यादव ने इस निर्णय को बदल दिया तथा जनता को उनका हक और सम्मान वापस दिलाया अब जनता ही यह तय करेगी कि नगर परिषद नगर पालिका और नगर निगम में कौन अध्यक्ष और महापौर होगा। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं इस फैसले की वजह से जनता में भी खुशी का माहौल है एवं इस ऐतिहासिक निर्णय को लेने के लिए डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश एवं उनकी पूरी कैबिनेट का हम हृदय से धन्यवाद देते हैं। इस निर्णय की वजह से आम जनता का सम्मान तो बड़ा ही है साथ ही भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चल रहा चातुर्मास

# आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए तप जरूरीः सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रत्नकरण्डक श्रावकाचार श्रावकों के लिए लिखा गया है।जो इसका स्वध्याय करते हैं वह सम्यक दर्शन ,सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र को प्राप्त कर सकते हैं।शरीर से मोह छूटने पर व्यक्ति आत्म कल्याण कर लेते हैं।आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए तप करते हैं।गलती होने पर प्रायश्चित करना चाहिए।व्यक्ति अनजाने में जीव हिंसा होने पर प्रायश्चित के लिए गुरु पास जाते हैं।मन में विकल्प आता है तो तभी से प्रायश्चित शुरू हो जाता है।पाप मन में छुपाओगे तो वह तीर व कांटे के समान चुभता रहेगा। विवेक पूर्वक साधु -संतों के पास पहुंचकर दर्शन करें।विनय पूर्वक बोलें सभी से।

टीवी गलत चीजें दिखा रही है,उसे आज -कल 80 साल की आयु वाले वृद्ध टीवी देख रहे हैं,बच्चों पर गलत प्रभाव पढ़ता है।आरोप नहीं लगाए, आरोप लगाना अत्याचार व अनादर है। जहां प्रमाद है वहां संसार है और जहां प्रमाद नहीं वहां आत्मा का कल्याण है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज एवं अरिहंत पुरम मंदिर में विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने कहां कि आज गरीब सुखी है,वह



चैन की निंद सोता है और सेठ को रात्रि में नहीं आती है। बिना ध्यान के मोक्ष नहीं। ध्यान से असंख्यात कर्मों की निर्जरा होती है। गुरुकुल, पाठशाला बंद करवाने वाले अहंकारी होते हैं, उन्हें सम्यक दर्शन नहीं होगा।कभी भी गुरु का नाम नहीं छुपाना चाहिए। बिना ज्ञान के कल्याण नहीं, प्रशस्त मार्ग प्रशस्त करें।तिल बराबर भी ज्ञान नहीं और अहंकार कितना करते हैं।यह अहंकार इस भव और अगले भव में भी नुकसानदायक होता है। आगम से व गुरुओं से जो मिल रहा है उसे ग्रहण करें। तपस्वी कहते हैं और लोभ छूट नहीं रहा। बिना तप के मोक्ष नहीं हो सकता है।जो विषय भोगों में लिप्त है वह संसार में ही सीमित रहता है। मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने कहां आदिनाथ भगवान ने असी, ऋसी और कृषि का उपदेश दिया।

श्रावक अपने कर्तव्यों का पालन करें तो चतुर्थ काल के साधु-संतों को देख सकते हैं। साधु की वैय्यावृति से परम्परा अनुसार श्रावक को मोक्ष की प्राप्ति होती है।आजकल बच्चे अच्छे अंक नहीं आने पर फांसी लगा रहें हैं,बच्चों को अधिक टार्चर नहीं करें। समीचीन मोक्ष मार्ग के लिए हजार काम छोड़कर आगे आना चाहिए। नियम, संयम आपके कल्याण के लिए है। धर्म जैसा धारण करोंगे वैसा फल मिलेगा। मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब व्यक्ति के भाव शुभ होंगे और लेश्याएं शुभ होंगी तभी शुभ पुरुषार्थ प्रारंभ हो सकता है ।अर्थात वह 6 व्यक्ति उस वृक्ष को देख रहे थे जो कृष्ण लेश्या वाला व्यक्ति था और विचार कर रहा था पूरा वृक्ष मुझे चाहिए, अतः वह कृष्ण लेश्या से भरा हुआ था और उसका परिणाम काला था । कोयला, काजल जैसा होता है, अर्थात काला होता है, व्यक्ति अपने मकान को कोयले से पुतवाता है अथवा नहीं मकान को चूने से पुतवाता है क्योंकि काला रंग जो होता वह अशुभ का सूचक होता है और जो सफेद रंग होता है वह सुख, शांति, समृद्धि का सूचक होता है। यदि कोई व्यक्ति मंदिर में काले कपड़े पहने आता तो वह अशुभ का सूचक होता है। अतः जो भाव होगा वह शुभ नहीं हो सकता। कृष्ण लेश्या वाला जो व्यक्ति होता है वह आर्त और रौद्र ध्यान से युक्त होते हैं, आज के व्यक्ति हिंसा करने में ही आनंद मानते हैं ,जो जीवों को मारने की दवाइयां बेचते हैं वह संकल्पी हिंसा को बढ़ावा देते हैं । लक्ष्मण रेखा जो खींची जाती है वह भी संकल्पी हिंसा के ही अंतर्गत आती है। जब जीव के संकल्पी हिंसा के भाव होते हैं तो रौद्र परिणाम चलते हैं । किसी की वस्तु या धरोहर का हरण कर लिया तो उसमें आनंद मानकर चौर्यानंदी रौद्र ध्यान को बढ़ावा देते हैं।

# बैठक में पराग ताम्रकार चुने गए ताम्रकार समाज के नए अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ताम्रकार समाज आष्टा द्वारा समस्त समाजजन एवं वरिष्ठों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। आयोजित हुई समाज की बैठक में पूर्व अध्यक्ष सुधीर महलवार द्वारा अपने कार्यकाल में हुए आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसके उपरांत नवीन अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया में पराग ताम्रकार का नाम आया जिसमें सर्वसहमति से पराग को अध्यक्ष चुना गया एवं सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने ताम्रकार के इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी इस अवसर पर पराग ताम्रकार ने समस्त वरिष्ठों एवं सामाजिक बंधुओं का आभार माना एवं सभी को विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी समाज के द्वारा दी गई है उसे वो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।